nandgaon times julai-28-3.qxd 7/27/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

रीजन चेयरमेन बने अमित खण्डेलवाल... पृष्ठ 2 | केंद्र कह रहा है 'ऑप्शनल', छत्तीसगढ़ ... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 28 जुलाई 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 284, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

गांवों के समग्र विकास से ही विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। ग्राम पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। यदि ग्राम पंचायतें सशक्त हों, गांव आत्मनिर्भर बनें और प्रत्येक ग्रामीण विकास की प्रक्रिया का सहभागी बने, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प वास्तविक रूप ले सकेगा।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित एसआईआरडी परिसर, निमोरा में आयोजित प्रदेश के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्राम पंचायतें जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव बनाने का सबसे प्रभावी मंच हैं। अधिकारियों को संवेदनशीलता, ईमानदारी और सेवा भाव के

साथ कार्य करते हुए ग्रामीणों का विश्वास जीतना होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि शासकीय योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और गांव का प्रत्येक नागरिक स्वयं विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बने। उन्होंने प्रत्येक जिले में ऐसे गांवों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां जनभागीदारी, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और प्रभावी योजना के माध्यम से आदर्श विकास मॉडल विकसित किए जा सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 1 जुलाई से लागू विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के माध्यम से रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों और गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का निर्माण प्राथमिकता से किया जाए। इसके माध्यम से जल संरक्षण, कृषि, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका और सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए। जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, कृषि उत्पादकता, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग ही स्थायी विकास का आधार है। उन्होंने प्रत्येक जिले में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करने तथा वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्धन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। छत्तीसगढ़ में अब तक 10 लाख 40 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

ज्ञानेश्वरी यादव की ऐतिहासिक जीत पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दी बधाई, कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता रजत पदक

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में राजनांदगांव की होनहार खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने फोन पर ज्ञानेश्वरी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी के परिजनों को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।डॉ. रमन सिंह ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतकर ज्ञानेश्वरी यादव ने पूरे विश्व में छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल राजनांदगांव बल्कि पूर्ण देश के लिए गौरव का क्षण है। ज्ञानेश्वरी का संघर्ष, अनुशासन और समर्पण आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विधानसभा अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञानेश्वरी भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत और छत्तीसगढ़ का नाम वैश्विक खेल मंचों पर रोशन करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व डॉ. रमन सिंह ने अपने स्वेच्छानुदान मद से ज्ञानेश्वरी यादव को खेल प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए ?1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की थी। वहीं, उनकी अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भी ज्ञानेश्वरी को ?5 लाख की सहायता उपलब्ध कराई गई थी, जिससे उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगी तैयारियों में मदद मिली। ज्ञानेश्वरी यादव की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा, कठोर परिश्रम और समय पर मिले प्रोत्साहन के समन्वय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उनकी इस उपलब्धि से राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी और गर्व का माहौल है।

फोन पर दी शुभकामनाएं, परिजनों का भी बढ़ाया उत्साह कहा– राजनांदगांव की बेटी ने विश्व मंच पर बढ़ाया छत्तीसगढ़ का गौरव

ग्लासगो में राजनांदगांव की बेटी का दम, ज्ञानेश्वरी ने जीता रजत

53 किग्रा भारोत्तोलन में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर

ग्लासगो/राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । कामनवेल्थ खेलों के 22वें संस्करण में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव ने इतिहास रचते हुए महिला 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। ज्ञानेश्वरी ने कुल 199 किलोग्राम (स्नैच 88 किग्रा और क्लीन एंड जर्क 111 किग्रा) भार उठाकर न केवल अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, बल्कि क्लीन एंड जर्क और कुल भार में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी कायम किया।प्रतियोगिता में नाइजीरिया की ओनोम डिडिह ने 206 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ज्ञानेश्वरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा की रिबेका ग्रोलक्स को पीछे छोड़ रजत पदक अपने नाम किया। उनके 85 और 88 किलोग्राम के सफल स्नैच प्रयास मुकाबले के सबसे यादगार क्षणों में रहे।

ज्ञानेश्वरी की इस उपलब्धि की खबर मिलते ही राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके पैतृक गांव में परिजनों और प्रशंसकों ने मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। परिवार ने इसे वर्षों की मेहनत और संघर्ष का परिणाम बताया। ज्ञानेश्वरी वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस विभाग ने भी उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। इससे पहले उन्हें वर्ष 2025 में राज्य के सर्वोच्च खेल सम्मान 'गुंडाधुर सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है।एक इलेक्ट्रीशियन की बेटी ज्ञानेश्वरी ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने जुनून और कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया। पावरलिफ्टिंग से करियर की शुरुआत करने वाली ज्ञानेश्वरी ने 2022 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। रजत पदक जीतने के बाद ज्ञानेश्वरी ने कहा, यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है, लेकिन मेरा सपना अभी पूरा नहीं हुआ है। अब लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। राजनांदगांव की मिट्टी ने मुझे पहचान दी है, मैं पूरे देश और प्रदेश का आभारी हूं।

पहले ही प्रयास में चमकी संस्कार सिटी की हॉकी टीम, सीबीएसई ईस्ट जोन में बनी उपविजेता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल की अंडर-14 बालक हॉकी टीम ने पहली ही बार सीबीएसई फार ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय और जिले का नाम खेल जगत में रोशन हुआ है। ओपी जिन्दल स्कूल, रायगढ़ में 20 से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में संस्कार सिटी की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफरतय किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पहली ही भागीदारी में टीम के उपविजेता बनने को विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कोच सौरभ कुमार श्रीवास के मार्गदर्शन में टीम के खिलाड़ियों पीवेद सिन्हा, वासु साहू,

केशराज साहू, सतीश मंडावी, कृष्णा कंवर, देव कुमार, अनिश तेलाम, खिलेश कुमार धुवे, हरवांश कुमार दीवान, मोक्ष राज नागेश, मोहित कुमार सोना, शैलेश वेलादी, रुद्र प्रताप मंडावी, सार्थक गुप्ता, प्रियांशु राभा, वैभव देहरी, कनिष्क साहू एवं दिव्यांशु अदिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल, श्रीमती ऊहा अग्रवाल तथा प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने पूरी टीम और कोच को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और कोच के समर्पित प्रशिक्षण का यह परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

जिला पंचायत सदस्य के प्रयास से मिली सड़क की स्वीकृति

ब्राम्हणभेड़ी,सांगली, केशला सड़क का होगा निर्माण,इस क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग हुई

मोहला (नांदगांव टाइम्स) । अम्बागढ़ चौकी विकाशखण्ड अंतर्गत ब्राम्हण भेड़ी,सांगली,केशला के ग्रामीणों की वर्षो पुरानी सड़क की मांग आखिरकार पूरी हो गई गई बता दे कि इस क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक के प्रयास से ग्रामीणों की मांग पूरी करा ली गई है ज्ञात हो कि अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ब्राम्हणभेड़ी - सांगली से केशला नवीन सड़क मार्ग के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर उनके सामने ग्रामीणों की समस्याओं को रखा गया था जिस पर उनके द्वारा सहमति देते हुए सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।साथ ही बताया गया कि राजनांदगांव जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ की सहसंयोजक गीताघासी साहू के नेतृत्व में क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव को लगातार अवगत कराया गया था जिसके उपरांत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है ।वही केशला मार्ग की स्वीकृति मिलने पर जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव,जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे सहित जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा व अम्बागढ़ चौकी भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

डी एच ए की आमसभा 2 अगस्त को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के आगामी कार्यकाल के लिए नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न कराने के लिए गुणेंद्र साव (वरिष्ठ अधिवक्ता) को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्ति किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 30 जुलाई 2026 को कार्यालय छत्तीसगढ़ हॉकी स्थान म्युनिसिपल स्कूल परिसर में नामांकन पत्र प्राप्त करने, नामांकन जमा करने, जांच, करने की प्रक्रिया की जाएगी दिनांक 31 जुलाई को नाम वापसी 01 अगस्त 2026 को कार्यालय छत्तीसगढ़ हॉकी अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन किया जाएगा । इसके उपरांत आवश्यक होने पर 02 अगस्त को मतदान एवं मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने सभी पात्र सदस्य इकाइयों एवं मतदाताओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से गठित नई कार्यकारिणी जिले में हॉकी के विकास, खिलाड़ियों के हितों की रक्षा तथा खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी।

विगत 4 वर्षों से केवल नाइट ड्यूटी

नाइट ड्यूटी के समय भी नदारत

पूरा समय अपने निजी अस्पताल में मौजूद...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । शासकीय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में कुछ डॉक्टरों की दबंगई देखने मिल रही है।डॉक्टरों का असमय आनाजान और अपने ड्यूटी के समय पर नदारत रहना मरीजों के लिए आफ्त (मरीजों की जान से खिलवाड़) की बात है, अस्पताल इंटरनी और जूनियर डॉक्टरों के भरोसे संचालित हो रहा है। आरटीआर से निकाली गई जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में कार्यरत छ्रक डॉ.नारायण दास (सर्जरी) अगस्त 2022 से आज दिनांक तक केवल नाइट ड्यूटी कर रहे है, ड्यूटी रोस्टर में डॉक्टर की ड्यूटी केवल नाइट में ही लगाई जा रही है। मजे की बात तो यह है, डॉक्टर रात में अपनी ड्यूटी से नदारत रहते है, रात में

इन्हें देखने वाला भी कोई नहीं होता। डॉ.नारायण दास ने 15अक्टूबर 2025 को एक आवेदन देकर निजी प्रैक्टिस की अनुमति मेडिकल कॉलेज से मांगी थी, लेकिन मेडिकल कॉलेज द्वारा आवेदन में सहमति नहीं दी गई थी। बावजूद डॉ.नारायण दास एक निजी अस्पताल में फूल टाइम अपनी सेवाएं दे रहे है, सूत्रों की माने तो जिस निजी अस्पताल में डॉ.नारायण अपनी सेवाएं दे रहे है वह अस्पताल इन्हीं का है, लेकिन अस्पताल को किसी अन्य डॉक्टर के नाम से खोल रखा है। डॉ.नारायण दास एक तरफ शासन-प्रशासन को तो चुना तो लगा ही रहे है, साथ मरीजों की जान से खिलवाड़ भी कर रहे है। इतने लंबे समय से डाक्टर के गैरजिम्मेदराना रवैये से क्या मेडिकल कॉलेज प्रबंधन अंजान है ?ऐसा हो ही नहीं सकता, सभी की मिली भगत के चलते ही मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में ऐसी गतिविधियां देखने को मिल रही है

राम - लक्ष्मण वाटिका में विराजेंगे शिवगणों सहित भोलेनाथ

तीन दिवसीय प्राण - प्रतिष्ठा समारोह में जुटेंगे शिव भक्त ...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । नगर की न्यू खंडेलवाल कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित राम - लक्ष्मण वाटिका में पवित्र श्रावण मास में शिवगणों सहित भोलेनाथ की प्राण - प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में 1 अगस्त से 3 अगस्त तक तीन दिवसीय आयोजन के रूप में की जाएगी । वैदिक मंत्रों के बीच शोभा यात्रा तथा धार्मिक अनुष्ठान पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे । भगवान भोलेनाथ की शिवगणों सहित प्राण - प्रतिष्ठा समारोह समिति के संरक्षक , नगर -निगम में प्रतिपक्ष के नेता संतोष पिल्ले एवं वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता - युधिष्ठिर देवांगन ने बताया कि प्राण - प्रतिष्ठा अवसर पर 1 अगस्त शनिवार श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि पर शोभा यात्रा एवं वेदी स्थापना पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। इसी तरह 2 अगस्त रविवार चतुर्थी तिथि पर भगवान का अग्राधिवास एवं शैयाधिवास तथा 3 अगस्त श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में प्राण -प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न होगी । इसी दिन शिव भक्त भगवान

भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ महाप्रसादी भी ग्रहण कर सकेंगे । आयोजन समिति के संरक्षक नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित न्यू खंडेलवाल कॉलोनी परिवार के शिव भक्तों ने नगर वासियों से उक्त पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने अपील की है ।

nandgaon times julai-28-3.qxd 7/27/2026 11:57 PM Page 2

समय पर उपचार से सर्पदंश पीड़ित 4 वर्षीय बालक को मिला नया जीवन

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। जिला चिकित्सालय कबीरधाम में सर्पदंश (स्नेक बाइट) से पीड़ित 4 वर्षीय बालक का सफल उपचार कर उसे पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तत्परता, समय पर उपचार एवं निरंतर निगरानी से गंभीर स्थिति में भर्ती बालक पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट सका। ग्राम कुकरापानी, विकासखंड बोड़ला निवासी 4 वर्षीय महेश बैगा को 20 जुलाई 2026 को सर्पदंश के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरेगांव से जिला चिकित्सालय कवर्धा रेफर किया गया था। भर्ती के समय बालक के पूरे चेहरे पर अत्यधिक सूजन (फेशियल स्वेलिंग) तथा आंखों में सब-कंजंक्टाइवल हेमरेज पाया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने तत्काल उपचार प्रारंभ किया जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बालक के बेहतर एवं त्वरित उपचार के निर्देश दिए थे।

दिव्यांग समझाराम साहू को मिली बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत भागुटोला अंतर्गत ग्राम चिमागोंदी निवासी दिव्यांग समझाराम साहू के जीवन में भी ऐसा ही बदलाव आया है। उन्हें बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल उपलब्ध कराई गई, जिससे अब उनका आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और सुविधाजनक हो गया है।

पति की हत्या का अंधा कत्ल सुलझाने में लोहारा पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिला के थाना लोहारा पुलिस ने हत्या के एक अंधे कत्ल की गुत्थी को महज 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए मृतक की पत्नी एवं उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आरोपियों ने घरेलू विवाद तथा पति के अत्यधिक शराब सेवन से परेशान होकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पत्थर, स्कूटी एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण दिनांक 26 जुलाई 2026 को प्रातः लगभग 7:30 बजे प्रार्थी तुलेश साहू (पिता- महेश साहू, उम्र 27 वर्ष, निवासी बासिनझोरी, थाना लोहारा) ने थाना उपस्थित होकर सूचना दी कि ग्राम के एक व्यक्ति द्वारा फोन पर जानकारी मिली कि उसके पिता महेश साहू का शव लोहारा के बानो रोड स्थित दुकान के पास पड़ा हुआ है।

सारंगपुरकला में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में कबीरधाम जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड बोड़ला की ग्राम पंचायत सारंगपुरकला में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निर्माण पूर्ण हो गया है। इसके संचालन से ग्रामीणों को सेप्टिक टैंक के अपशिष्ट के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण की सुविधा मिलने लगी है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि एफएसटीपी के प्रारंभ होने से अब गांवों में सेप्टिक टैंक से निकलने वाले अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से उपचार किया जाएगा। पहले टैंक की सफाई के दौरान अपशिष्ट के खुले में फैलने से गंदगी और प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती थी, वहीं लोगों को टैंक खाली कराने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

रीजन चेयरमेन बने अमित खण्डेलवाल, क्लब को एक्सीलेंट अवार्ड

लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की बड़ी उपलब्धि, अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । राजनांदगांव के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष क्रूरूछ्रूस लायन अमित खण्डेलवाल को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और उल्लेखनीय कार्यों के लिए रीजन चेयरमेन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को वर्ष 2025-26 का इंटरनेशनल एक्सीलेंट क्लब अवार्ड भी प्रदान किया गया। अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल के कार्यकाल की यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे पूरे राजनांदगांव का गौरव बढ़ा है। रायपुर स्थित होटल बेबीलोन कैपिटल में आयोजित इंटरनेशनल लायंस क्लब के भव्य इंस्टॉलेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह तथा प्रथम कैबिनेट मीटिंग में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन ए.पी. सिंह ने क्लब के अध्यक्ष क्रूरूछ्रूस लायन अमित खण्डेलवाल को इंटरनेशनल प्रेसिडेंशियल मैडल पहनाकर सम्मानित किया जो की पूरे 145 क्लब में सिर्फ अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल को यह मैडल का सम्मान प्राप्त हुआ है तथा उन्हें रीजन चेयरमेन पद की शपथ दिलाई। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि क्रूरूछ्रूस लायन ए पी सिंग,लायन विनोद लाड़िया ,कुलभूषण मित्तल,जे पी सिंग,जी एस होरा,राजू मनवानी,संगीता जटिया,प.वोण वशिष्ठ,गवर्नर रिपुदमन सिंह पुसरी, विजय अग्रवाल पवन मलिक,अनिल अग्रवाल, यह सम्मान उन्हें वर्ष 2025-26 में सर्वाधिक 33 नए सदस्यों को क्लब से जोड़ने तथा पूरे डिस्ट्रिक्ट में 105 सदस्यों के साथ सबसे बड़ा क्लब बनाने की उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एक्सीलेंट क्लब अवार्ड 2025-26 से भी नवाजा गया। रीजन चेयरमेन के रूप में अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में 3 जोन चेयरपर्सन कार्य करेंगे तथा उनके अधीन 10 क्लब शामिल रहेंगे, जिनमें भिलाई के 7 क्लब, राजनांदगांव के 2 क्लब और अहिवारा का 1 क्लब शामिल है। यह जिम्मेदारी उनके नेतृत्व कौशल और संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण मानी जा रही है। इस अवसर पर पद्मश्री कष्टत्र लायन डॉ. पुखराज बाफ्ना, लायन टीना खण्डेलवाल, डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन क्रूरूछ्रूस लायन राजकुमार शर्मा, लायन शोभा शर्मा, लायन राजेश जैन (राजू), क्लब अध्यक्ष लायन दीपक जैन (नवलखा), सचिव लायन अशोक पवार, जोन चेयरपर्सन लायन तरणदीप अरोरा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। रीजन चेयरमेन बनने पर अध्यक्ष लायन दीपक जैन (नवलखा), लायन सचिव अशोक पवार, कोषाध्यक्ष लायन मुकेश शर्मा, लायन तरणदीप अरोरा, क्रूरूछ्रूस लायन बृजकिशोर सुरजन,पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफ्ना, उमेद कोठारी, संतोष लोहिया, माइक्रो चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा, लायन कमल किशोर साहू, लायन मयंक शर्मा, लायन विजय कोटड़िया, लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, लायन भावेश अग्रवाल, लायन नेहा गुप्ता, लायन श्यामचरण गुप्ता, लायन प्रकाश सांखला, राजेश जैन (राजू), लायन सुरेश शर्मा, सुदामा मोटलानी, रमेश गुप्ता, मुकेश चौबे, शोभा चौरसिया, कंचन चौबे सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। क्लब के संरक्षक लायन बलदेव सिंह भाटिया, लायन बहादुर अली, क्रूरूछ्रूस लायन बृजकिशोर सूरजन, लायन शारदा तिवारी, लायन सुशील पसारी, लायन अशोक चौधरी एवं लायन नंदकुमार अग्रवाल ने इस उपलब्धि को पूरे क्लब और राजनांदगांव के लिए गौरवपूर्ण बताया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि अध्यक्ष क्रूरूछ्रूस लायन अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में मिली यह सफलता पूरे लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की टीम की मेहनत, सेवा भावना और संगठनात्मक एकजुटता का परिणाम है। एक्सीलेंट क्लब अवार्ड तथा रीजन चेयरमेन की जिम्मेदारी मिलना क्लब के इतिहास की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल हो गया है। इससे न केवल क्लब की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि पूरे राजनांदगांव का नाम भी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पूरी टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

डोंगरगांव में आज से आत्मरंजन चातुर्मास का शुभारंभ

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । श्वेताम्बर जैन समाज के लिए आध्यात्मिक साधना का महापर्व आत्मरंजन चातुर्मासङ्क2026 का शुभारंभ मंगलवार से होगा। श्री शांतिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर में विराजित साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. एवं साध्वी आगमरूचिश्रीजी म.सा. (आदि ठाणाङ्ग2) के पावन सान्निध्य में आगामी चार माह तक प्रतिदिन धर्म, स्वाध्याय, तप, आराधना एवं आत्मचिंतन के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चातुर्मास समिति एवं सकल जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 6 बजे पाँच महास्त्रोतों के मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा का दिव्य अभिषेक एवं पूजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 8:30 बजे से 9:30 बजे तक साध्वीश्री का मंगल प्रवचन होगा, जिसमें धर्म, संयम, आत्मकल्याण एवं व्यवहारिक जीवन से जुड़े प्रेरक संदेश प्रदान किए जाएंगे। महिलाओं के लिए प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक स्वाध्याय का विशेष आयोजन रहेगा। वहीं नई पीढ़ी में धार्मिक संस्कारों के संवर्धन हेतु दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक बच्चों की धर्म कक्षा आयोजित की जाएगी। सायंकाल 6:30 बजे से प्रतिक्रमण के माध्यम से आत्मचिंतन एवं आत्मशुद्धि की आराधना होगी। साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. ने अपने प्रथम उद्बोधन में चातुर्मास को आत्मजागरण का सर्वोत्तम अवसर बताते हुए श्री श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक धर्मलाभ लेने का आह्वान किया था। वहीं साध्वी आगमरूचिश्रीजी म.सा. ने विनय, विवेक, विद्या और उत्तम व्यवहार को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। सकल जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ एवं चातुर्मास समिति ने समाज के सभी वर्गों से प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नियमित सहभागिता कर धर्म, स्वाध्याय, आराधना एवं आत्मकल्याण का लाभ लेने की अपील की है।

जन्मदिन पर अथर्व रजक ने किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए एनपीपीएस (इक्कक्रर्द) के कक्षा पहली के छात्र अथर्व रजक ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए सभी लोगों से अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अथर्व रजक ने विद्यालय के प्राचार्य को सप्रेम एक पौधा भेंट किया तथा अपनी कक्षा शिक्षिका मीनाक्षी पाण्डेय के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस पहल की विद्यालय परिवार ने सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया। एनपीपीएस परिवार ने अथर्व रजक पिता लोकेश रजक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को पौधारोपण जैसे रचनात्मक कार्यों से जोड़ना समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अथर्व रजक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि अथर्व रजक शांति नगर, राजनांदगांव निवासी हैं तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री परमानंद रजक के पोते हैं। विद्यालय परिवार ने उनके इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक बताया।

1999 से समाज सेवा में सक्रिय अंकालू साहू बने जिला साहू संघ के जिला प्रचार सचिव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । जिला साहू संघ की नवगठित जिला कार्यकारिणी में समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू को जिला प्रचार सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

अंकालू साहू वर्ष 1999 से निरंतर समाज सेवा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने समाज संगठन को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक-41 के निर्विरोध अध्यक्ष रहे हैं। इसके साथ ही नगर साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के न्याय प्रकोष्ठ के सदस्य के रूप में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। विगत वर्षों में उन्होंने जिला साहू संघ के मीडिया प्रकोष्ठ में जिला प्रवक्ता, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभालते हुए समाज के संगठनात्मक, प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क कार्यों को नई दिशा प्रदान की है। उनकी सक्रियता, कार्यकुशलता एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला कार्यकारिणी में उन्हें जिला प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवमनोनीत जिला प्रचार सचिव अंकालू साहू ने इस दायित्व के लिए जिला साहू संघ के संरक्षक माननीय भागवत साहू, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष माननीय नोबल साहू तथा जिला महामंत्री माननीय नीलमणि साहू सहित समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा समाज हित, संगठन की मजबूती और जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दोगुने उत्साह, ऊर्जा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।



जनपद पंचायत के कर्मचारी के पक्ष में उतरे जपं उपाध्यक्ष

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । जनपद पंचायत के लेखापाल पर हुए कार्यवाही के विरोध में जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष मनीष साहू ने सीईओ को पत्र लिखकर कार्यवाही को अनुचित बताया है और कार्यवाही शून्य करने की बात कही गई है। इस संबंध के जपं उपाध्यक्ष मनीष साहू ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक 29 मई 2026 को जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया था। वहीं विभागीय फोल्डर तैयार कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों को 22 मई 2026 तक उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसमें रामलाल साहू लेखापाल जनपद पंचायत को विभागीय फोल्डर उपलब्ध नहीं कराए जाने के मामले में वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई, जो पूरी तरह से अनुचित है। वहीं श्री साहू ने बताया कि बैठक पंजी में भी बाद में लेखापाल के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्ताव लिखा गया है जो गलत है। क्योंकि बैठक पंजी बैठक और प्रस्ताव होने के बाद सभी सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम में हस्ताक्षर होते हैं। लेकिन इस मामले में बाद में अलग हैंड राइटिंग के साथ लेखापाल पर कार्यवाही के संबंध में लिखा गया है, जो कुछ और ही इशारा कर कर है। इस मामले में जपं उपाध्यक्ष श्री साहू ने सीईओ रोशनी भगत को पत्र लिखकर लेखापाल पर हुए कार्यवाही को अनुचित बताते हुए कार्यवाही को शून्य करने की बात कही है। साथ ही बताया कि लेखापाल रामलाल साहू के द्वारा दिए आवेदन में पूर्ण विवरण बताया कि 29 मई 2026 की बैठक की सूचना पत्र एवं विभागीय जानकारी हेतु दिग्विजय सिंह चौधरी भूत्य, यशवंत पटेल भृत्य को तामिली कराने एवं विभागीय फोल्डर प्रदाय करने हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

वेतन रोकने की कार्यवाही अनुचित - मनीष साहू

शुभांक

1-4-5

200-2 790-6

भाग्यांक

259-6 550-0

नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र का वास्तविक नाम रितिक नायर (RITHIK NAIR) आ. स्मिता कुमारी (SMITA KUMARI) है, जो कि उसके 8ith की मार्कशीट में दर्ज है मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र का नाम पी. रितिक नायर (P. RITHIK NAIR) आ. स्मिता कुमारी (SMITA KUMARI) बुटिवश दर्ज हो गया है जिसे विलोपित कर सही नाम रितिक नायर (RITHIK NAIR) आ. स्मिता कुमारी (SMITA KUMARI) लिखा, पढ़ा व जाना पहचाना तथा भविष्य में समस्त शासकीय / अर्धशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे उक्त नाम परिवर्तन सुचना छ.ग. के राजपत्र में प्रकाश हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है । सुचना जाने

शपथकर्ता

स्मिता कुमारी

निवासी मकान नं 202, ए बिल्डिंग, सनसिटी, नजदीक लखोली रोड शहर तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग.

नाम परिवर्तन सूचना

मै ज्योति बाई साहू (Jyoti Bai Sahu) पति- लोकेश्वर साहू (Lomeshwar Sahu) निवासी बड़घुप, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम राजेश्वरी (Rajeshwari) पिता बेदन लाल (Bedan Lal) से बदलकर ज्योति बाई साहू (Jyoti Bai Sahu) पति-लोकेश्वर साहू (Lomeshwar Sahu) निवासी-बड़घुप, तहसील- डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) कर ली हूं।

राजेश्वरी

पिता बेदन लाल

ग्राम-जंतर
तहसील डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव छ.ग.

नाम परिवर्तन सूचना

मै किशोर कुमार भंडारी पिता मनखुशी निवासी ग्राम घुपसाल, तहसील कुमरदा जिला राजनांदगांव छ.ग. ने अपने नाबालिग पुत्री का नाम कु.नम्रता (Ku. Namrta) पिता किशोर हल्बा (Kishor Halba) से बदलकर नम्रता (Namrta) पिता किशोर कुमार भंडारी (Kishor Kumar Bhandari) रख लिया है।

किशोर कुमार भंडारी

ग्राम 'घुपसाल,
तहसील-कुमरदा
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

मै मोहन दास (Mohan Das) पिता बेदन दास (Bedan Das) निवासी-केसला, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम टेमन (Teman) पिता बेदन लाल (Bedan Lal) से बदलकर मोहन दास (Mohan Das) पिता बेदन दास (Bedan Das) निवासी केसला, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) कर लिया हूं।

टेमन पिता

बेदन लाल

ग्राम-जंतर
तहसील डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव छ.ग.

विदाई समारोह मे शामिल हुए दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक

मुरमुंदा (नांदगांव टाइम्स) । संकुल प्राचार्य श्री ए.एन. व्ही के मार्गदर्शन एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ के सहयोग तथा संकुल समन्वयक श्री प्रमोधदास सिरदार के नेतृत्व मे सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य श्रीमती राजकुमारी जैन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरई डबरी के विदाई हेतू पूर्व माध्यमिक शाला परिसर उरई डबरी मे भव्य विदाई समारोह आयोजित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य श्री मती राजकुमारी जैन, अध्यक्षता दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक आदरणीय डॉ. के. वेंकट राव, पंचायत उरई डबरी के सरपंच श्रीमती तोरण प्रितम मारकण्डे की गरिमामय उपस्थिति रहा। सर्वप्रथम अतिथियो के द्वारा छत्तीसगढ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का श्री गणेश किए।संकुल परिवार की ओर से अतिथियो का स्वागत अभिनंदन किया गया पश्चात दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक आदरणीय श्री डॉ. के. वेंकट राव ने अपने उद्बोधन मे सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य को स्वास्थ्य जीवन की मंगल कामना एवं शुभकामाएा देते हुए कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता क्यो कि सेवानिवृत्त के बाद भी शिक्षक के गुणो का बच्चो एवं समाज को निरंतर लाभ मिलते रहता है।

नाम परिवर्तन

मेरा वास्तविक नाम यादो राम साहू (YADO RAM SAHU) आ. विश्राम साहू (VISHRAM SAHU) है मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम यादव राम साहू (YADAV RAM SAHU) आ. विसराम साहू (BISRAM SAHU) बुटिवश दर्ज हो गया है जिसे विलोपित कर सही नाम राम साहू (YADO RAM SAHU)आ. विश्राम साहू (VISHRAM SAHU) लिखा, पढ़ा व जाना पहचाना तथा भविष्य में समस्त शासकीय / अर्धशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे उक्त नाम परिवर्तन सुचना छ.ग. के राजपत्र में प्रकाश हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है । सुचना जाने -

शपथकर्ता

यादो राम साहू

आ. विश्राम साहू

निवासी मकान न 192
बोरी पो. बोरी शहर
तहसील व जिला राजनांदगांव
छत्तीसगढ़

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री का वास्तविक नाम काव्या नायर (KAVYA NAIR) आ. स्मिता कुमारी (SMITA KUMARI) है, जो कि उसके 8ith की मार्कशीट में दर्ज है । मेरी पुत्री के आधार कार्ड में पुत्री का नाम पी. काव्या नायर (P. KAWYA NAIR) आ. स्मिता कुमारी (SMITA KUMARI) बुटिवश दर्ज हो गया है जिसे विलोपित कर सही नाम काव्या नायर (KAVYA NAIR) आ. स्मिता कुमारी (SMITA KUMARI) लिखा, पढ़ा व जाना पहचाना तथा भविष्य में समस्त शासकीय / अर्धशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे उक्त नाम परिवर्तन सुचना छ.ग. के राजपत्र में प्रकाश हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सुचना जाने

शपथकर्ता

स्मिता कुमारी

निवासी मकान न 202,ए बिल्डिंग, सनसिटी, नजदीक लखोली रोड शहर तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं तमेश्वरी गुरुप्रसाद रावटे (Tameshwari Guruprasad Ravte) पति कोमल राम भुआर्या (Komal Ram Bhuarya) निवासी चारभांठा तहसील कुमरदा जिला राजनांदगांव छ.ग. ने अपना नाम तमेश्वरी गुरुप्रसाद रावटे (Tameshwari Guruprasad Ravte) पति कोमल राम भुआर्या (Komal Ram Bhuarya) से बदलकर तमेश्वरी भुआर्या (Tameshwari Bhuarya) पति कोमल राम भुआर्या (Komal Ram Bhuarya) रख ली हूं ।

तमेश्वरी गुरुप्रसाद रावटे
(Tameshwari Guruprasad Ravte)
पति कोमल राम भुआर्या
(Komal Ram Bhuarya)
ग्राम-चारभांठा,
तहसील-कुमरदा
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, संगीता बाई लोहार (SANGITA BAI LOHAR), पति श्री उमराव लोहार, जाति- लोहार, निवासी ग्राम- जंतर, पोस्ट- कोकपुर, तहसील- डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) की हूँ। मेरे राजस्व अभिलेख में मेरा नाम कविता, पिता मनीराम दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है।

अतः उक्त त्रुटि में सुधार कर मेरा सही नाम संगीता बाई लोहार (SANGITA BAI LOHAR), पति श्री उमराव लोहार दर्ज किया जाए।

संगीता बाई लोहार

निवासी - ग्राम जंतर,
पोस्ट - कोकपुर
तहसील - डोंगरगांव,
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक तलपचंद जैन पिता श्री प्रेमराज जैन निवासी गांधी नर्सिंग होम के पीछे, पटनगपारा, राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम लखोली प.ह.न. 42 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 687/9 रकबा 0.018 हे. के राजस्व ऑनलाईन अभिलेख मे आवेदक का नाम दर्ज नहीं है उक्त भूमि के राजस्व ऑनलाईन में दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किए जाने का निवेदन किया है।

उकाशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 06/08/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 21/07/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनाँक :- 27/07/2026
पेशी दिनाँक :- 06/08/2026

सील **तहसीलदार राजनांदगांव**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क. 202607692100038 अ/6 वर्ष 2025-26

जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मृत आवेदक के व्यामिलत नाम से नजूल सत्तर जाति- मुमतन्मान उम्र 63 वर्ष निवासी बुचवापारा वार्ड नं0 14 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गुलाम तालुहीन पिता शेख अहर डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में शीट क्र0 06, की बाहन नूरजहाँ बेगम पिता शेख सत्तर की मृत्यु अविवाहित रहते हुए दिनांक 15/07/2016 को हो चुकी भू-खण्ड क्र0 1843/1 1844/2 रकबा क्रमशः 920 वर्गफुट 360 वर्गफुट भूमि स्थित व दर्ज है। आवेदक है। जिसका चालन खसरे की उक्त भूमि में मृत खातेदार का नाम दर्ज होने के कारण मुझे उक्त भूमि से संबंधित शासकीय बैंकिंग एवं शासकीय योजनओ का लाभ लेने में अत्यन्त परेशानी हो रही है। अतएवं उक्त खाते में मृतक का नाम विलोपित कर मेरा नाम यथावत रखकर नजूल राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है। अतएव उक्त भूमि के नामान्तरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 05/08/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

ज्ञान मंथन

1) भारत की पहली हाइड्रोजन चालित ट्रेन किस रूट पर चलेगी?
2) स्वतंत्रता दिवस से पहले राजस्थान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम क्या है?
3) किस राज्य के धारवाड़ जिले के तीर्था गाँव के बीबी फातिमा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ने प्रतिष्ठित इक्वेटर इनिशिएटिव अवार्ड 2025 जीता है?
4) 1000 ई. में अपने पहले हमले में महमूद गजनी किस भारतीय शासक को हराया था ?
5) किस राज्य के वनों में दुर्लभ ब्लू पिकगिल मशरुम की खोज हुई है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) जींद-सोनीपत (2) ऑपरेशन अलर्ट (3) कर्नाटक
(4) जयपाल (5) तेलगांना

केंद्र कह रहा है 'ऑप्शनल', छत्तीसगढ़ में किस कानून के आधार पर किया जा रहा 'अनिवार्य' : अनीस खान

स्मार्ट मीटर या स्मार्ट वसूली? बढ़े हुए बिजली बिलों से त्रस्त आम जनता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने कहा कि 2 अप्रैल 2026 को लोकसभा में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल ने स्पष्ट कहा था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर सभी उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य नहीं, बल्कि वैकल्पिक व्यवस्था है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में अनेक उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर अनिवार्य बताए जाने का आधार क्या है? सरकार जनता के सामने स्पष्ट कानून और आदेश प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़, दोनों जगह भाजपा की सरकार है। जब केंद्र सरकार संसद में स्मार्ट मीटर को ऑप्शनल बता रही है, तो छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना इसे अनिवार्य रूप से किस आधार पर लगाया जा रहा है? अनीस खान ने बताया कि उन्होंने स्वयं राजनांदगांव के संबंधित कार्यपालन अभियंता से स्मार्ट मीटर लगाने संबंधी वैधानिक आदेश मांगा, लेकिन विभाग कोई स्पष्ट आदेश प्रस्तुत नहीं कर सका और केवल भारत के राजपत्र का हवाला दिया। राजपत्र में भी कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि प्रत्येक बिजली उपभोक्ता कानूनी रूप से स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए बाध्य है।

उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 47(5) का अवलोकन करने पर यह प्रावधान प्री-पेमेंट मीटर एवं सुरक्षा जमा से संबंधित प्रतीत होता है। इस धारा में प्रत्येक उपभोक्ता के लिए स्मार्ट मीटर को अनिवार्य घोषित करने का कोई स्पष्ट प्रावधान परिलक्षित नहीं होता। यदि छत्तीसगढ़ सरकार, बिजली विभाग अथवा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने किसी संशोधन, अधिसूचना, विनियम, शासनादेश या अन्य वैधानिक प्रावधान के माध्यम से स्मार्ट मीटर को प्रत्येक उपभोक्ता के लिए अनिवार्य किया है, तो उसकी प्रति, आदेश संख्या और दिनांक तत्काल सार्वजनिक किए जाएँ, ताकि जनता वास्तविक कानूनी स्थिति से अवगत हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अनेक उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल पहले की तुलना में दो से तीन गुना तक बढ़ने की शिकायतें की जा रही हैं। वहीं निजी एजेंसियों द्वारा बिना स्पष्ट लिखित आदेश दिखाए स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाए जाने की शिकायतें भी मिल रही हैं। यदि पूरी प्रक्रिया वैधानिक है, तो संबंधित आदेश सार्वजनिक किए जाएँ। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री के जिले कबीरधाम में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान होकर विरोध स्वरूप अपने घरों से स्मार्ट मीटर निकालकर विद्युत विभाग कार्यालय के सामने फेंक दिए। यह घटना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से चर्चित हुई। यदि स्मार्ट मीटर व्यवस्था वास्तव में जनता के हित में है, तो सरकार के गृह मंत्री के जिले में ही इतना बड़ा जनविरोध क्यों देखने को मिला? उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश के जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उनमें से अनेक बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत कर रहे हैं और आम जनता में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। यदि प्रत्येक उपभोक्ता के लिए स्मार्ट मीटर अनिवार्य होने का कोई स्पष्ट वैधानिक प्रावधान नहीं है, तो सरकार जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाए और इसे स्वैच्छिक (ऑप्शनल) रखे। यदि बिजली विभाग शीघ्र ठोस निर्णय लेकर जनता की शिकायतों का समाधान नहीं करता, तो जिला कांग्रेस कमेटी आम उपभोक्ताओं के हित में लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

घायल कांग्रेस नेता अनिल टेमरे का हालचाल जानने अस्पताल पहुँचे विधायक भोलाराम साहू

छुरिया (नांदगांव टाइम्स) । खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने श्रीराम हॉस्पिटल पहुँचकर पाण्डुका निवासी एवं ब्लॉक कांग्रेस कुमरदा के महामंत्री अनिल टेमरे से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। हाल ही में सड़क दुर्घटना में बाइक से गिरने के कारण अनिल टेमरे के हाथ एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार अस्पताल में जारी है। विधायक भोलाराम साहू ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने परिजनों से भी चर्चा करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि किसी भी आवश्यकता की स्थिति में वे सदैव साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप सिंह घावड़े, परिजन एवं कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर मानवीय संवेदनाओं का निर्वहन करना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं और उनके सुख-दुःख में साथ खड़ा रहना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि अनिल टेमरे शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर पुनः सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हों।

आज प्रदेश स्तरीय दुर्ग संभाग में सजेगा भाजपा ओबीसी मोर्चा का बड़ा मंच, प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन,

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा दुर्ग संभाग का संभाग स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का कार्यक्रम 28 जुलाई को चौहान इंपिरियल भिलाई में भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश संभाग और जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे संगठन को मजबूत करने पर रहेगा फोकस- राजनांदगांव जिला ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि यह सम्मेलन भाजपा प्रदेश संगठन एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए कार्य योजना तैयार करना है। प्रदेश प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की रहेगी मौजूदगी-सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा श्री अशोक साहू जी एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राजेंद्र जायसवाल एवं दुर्ग संभाग सह प्रभारी तुलसी साहू सहित प्रदेश, संभाग और जिला के कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जन कल्याणकारी योजनाओं और चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा बैठक के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा होगी इसके साथ ही आगामी चुनाव को लेकर रणनीति भी तैयार की जाएगीसभी पदाधिकारियों से की उपस्थिति की अपील- जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने जिला एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और मोर्चा के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका अंडर 14, 17 और 19 बास्केटबॉल टीम सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल खिलाड़ियों से सज्जीत दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका अंडर 14, 17 एवं 19 की बास्केटबॉल टीम सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। उक्त आशय की जानकारी देते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की प्राचार्या ने बताया कि बालिका 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका टीम ने मदर पब्लिक स्कूल भुवनेश्वर को 24-12 पॉईंट से, 17 वर्ष से कम उम्र की टीम ने लक्ष्मी पथ सिंधानिया 26-04 अंको से तथा 19 वर्ष से कम उम्र की बालिका टीम ने मदर पब्लिक स्कूल भुवनेश्वर को 25-09 अंको से परास्त कर स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका 14 वर्ष से कम उम्र की टीम :- दर्शना भक्षचार्जी, मोनिका धाकड, पावनी कोडापे, निधी बंधे, शगुन, जीया हांडे, शेरोन मसीह, छवि साहु, निधी गावडे, चोसिका जुरी, वरुनी शोरी टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच मोहन राम साहु और मेनेजर नेहाली देवांगन है। बालिका 17 वर्ष से कम उम्र की टीम :- सौम्या पांडे, आर्या विजय अवारे, रूमी कोनवर, प्राची सिंह, नंदनी माधो प्रधान, बिनायशा सोनी, अशिका तोमर, इशिका साहू, निवासीनी सिंह, हर्षिता लाहकर, वृत्ति साहु कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच मोहन राम साहु और मेनेजर नेहाली देवांगन है। बालिका 19 से कम उम्र :- अंजनी, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, सौफी सिका, काम्या झा, प्रेरणा रामटेके, सुरूची टोप्पो, तिक्षा कंवर, गुरकिरत कौर, वैदनी दिवान, गुंजन सौना, निधी निराला कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच मोहन राम साहु मेनेजर नेहाली देवांगन है। बालक 14 वर्ष से कम उम्र :- हर्ष अग्रवाल, कमल नयन, गुलजार, निखिल कुमार, दिशांतो सिंह, शिव प्रताप, प्रतिक महिलांगे, कोमल धाग्ये, तुषार कुमार, भावेश कुमार, सुजल चौहान, कोच के.राजेश्वर राव, सहायक कोच मोहन राम साहु मेनेजर नेहाली देवांगन।

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने पूरे छत्तीसगढ़ में श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस

राजनांदगांव /रायपुर (नांदगांव टाइम्स) । कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खेमचंद निषाद के नेतृत्व में रायपुर, दुर्ग, पाटन, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, धमतरी, कांकेर, जगदलपुर (बस्तर), अंबिकापुर (सरगुजा) सहित विभिन्न जिलों एवं नगरों में कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुए। इस अवसर पर परिषद की जिला एवं स्थानीय इकाइयों ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया। कार्यक्रमों में उपस्थित पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत भव्य बाइक रैलियां, देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान, श्रद्धांजलि सभाएं तथा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता को समर्पित जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में युवाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के अदम्य साहस, त्याग और समर्पण को नमन करने का अवसर है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।

बाल केबिनेट मंत्री अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । गत शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर बालसभा के अंतर्गत नवचयनित बालकेबिनेट शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी का शाला प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बालकेबिनेट के मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखरूटोला के प्राचार्य सदाशिव सलामें,प्रमुख अतिथि व्याख्याता सुशील कुमार ध्रुव रहे,अध्यक्षता प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी ने किया।विशेष अतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम,संकुल समन्वयक मूलचंद मंडावी,प्रधानपाठक जाकेश कुमार साहू,शिक्षकगण दिनेश कुमार कुरेटी, टी.आर.बढ़ई, एस.आर.कार्ते, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर,सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे,चुम्मन भुआर्य,जगन्नाथ नेताम एवं चन्द्र कुमार उइके थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि प्राचार्य सदाशिव सलामें ने कहा कि बालसभा के तहत गठित बालकेबिनेट बच्चों एवं विद्यालय के सर्वांगीण के लिए आवश्यक होता है। बालकेबिनेट के नवचयनित मंत्रियों को अपने पदीय कर्तव्यों का पूरी तन्मयता एवं ईमानदारी के साथ पालन करना चाहिए। बच्चों को आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे पूरा करने का कोशिश करना चाहिए। प्रमुख अतिथि व्याख्याता सुशील कुमार ध्रुव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध प्रकार की आयोजन विद्यालयों में समय-समय पर होते रहना चाहिए। जिस विद्यालय के शिक्षक नवाचारी होते है उस विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास आसानी से होती है।व्याख्याता हो या शिक्षक कोई बड़े या कोई छोटे नहीं होते बल्कि सभी अध्यापन कार्य करने वाले अध्यापक होते है। कल्लूबंजारी मिडिल स्कूल में एक अनमोल हीरा रूपी शिक्षक है जिसके चमक को सभी को पहचानने की जरूरत है।हीरा की परख सिर्फ अच्छा जौहरी ही कर सकता है।श्री ध्रुव ने नवनिर्वाचित बालकेबिनेट के मंत्रियों को बधाई एवं आमंत्रण के लिए शाला को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष की आसंदी से प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी ने कहा कि अतिथि के रूप में शिक्षाविद एवं विद्वान व्याख्याता जनों का हमारे विद्यालय प्रांगण में आकर हमारा मार्गदर्शन करना हमारे लिए गौरव का विषय है। विशेष अतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम,संकुल समन्वयक मूलचंद मंडावी,प्रधानपाठक जाकेश कुमार साहू आदि सहित उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभा को संबोधित कर बालकेबिनेट के गठन उद्देश्य एवं क्रियान्वयन के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी,गणित शिक्षक अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, नवाचारी विज्ञान शिक्षिका सुषमा नेताम, बालकेबिनेट के प्रधानमंत्री चांदनी कंवर,उपप्रधानमंत्री डेमेन्द्र सिन्हा, सांस्कृतिक मंत्री टिंकल ध्रर्वे,संसदीय कार्य मंत्री रूपाली सिन्हा आदि सहित समस्त छात्र-छात्राओं का खास योगदान रहा।पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने वाले बालकेबिनेट मंत्रियों में प्रधानमंत्री चांदनी कंवर, उपप्रधानमंत्री डेमेन्द्र सिन्हा, गृहमंत्री लिकेश्वर पटेल, वित्तमंत्री हुनीता ध्रर्वे, सांस्कृतिक मंत्री टिंकल ध्रर्वे,युथ एंड युको क्लब मंत्री साधना निर्मलकर,अध्यक्ष काजल पटेल, प्राथमिक शाला बालकेबिनेट के प्रधानमंत्री डिम्पल पटेल आदि सहित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी बालकेबिनेट से 40 मंत्री सामिल है।

28 जुलाई को प्रदेश स्तरीय दुर्ग संभाग में सजेगा भाजपा ओबीसी मोर्चा का बड़ा मंच, प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन- दिलीप साहू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा दुर्ग संभाग का संभाग स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का कार्यक्रम चौहान इंपिरियल भिलाई में भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश संभाग और जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे संगठन को मजबूत करने पर रहेगा फोकस- राजनांदगांव जिला ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री दिलीप साहू जी ने बताया कि यह सम्मेलन भाजपा प्रदेश संगठन एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए कार्य योजना तैयार करना है। प्रदेश प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की रहेगी मौजूदगी-सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा श्री अशोक साहू जी एवं दुर्ग संभाग प्रभारी श्री राजेंद्र जायसवाल जी एवं दुर्ग संभाग सह प्रभारी श्रीमती तुलसी साहू जी सहित प्रदेश, संभाग और जिला के कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जन कल्याणकारी योजनाओं और चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा बैठक के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा होगी इसके साथ ही आगामी चुनाव को लेकर रणनीति भी तैयार की जाएगी।

धर्म समाचार....

क्या सच में अर्जुन से कहीं अधिक शक्तिशाली था कर्ण? महाभारत के सबसे बड़े महारथी का अनसुना सच

भारत के दो प्रमुख महाकाव्यों में से एक महाभारत जिसे प्राचीन काल का विशाल युद्ध माना जाता है। य युद्ध किसी भी तरह से छोटा-मोटा जनजातीय संघर्ष नहीं था, बल्कि एक अखिल भारतीय युद्ध था,जिसमें 30 से ज्यादा राज्य, हजारों की संख्या में सेनापति, लाखों की संख्या में सैनिक और सैकड़ों कुलीन परिवार शामिल थे। महाभारत में साफ़ौर पर कहा गया है कि, कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में मरने वाले योद्धाओं की संख्या हजार- दो हजार नहीं, बल्कि 1.66 अरब योद्धा मारे गए थे। वैसे तो इस युद्ध में शामिल होने वाले योद्धा एक से बढ़कर एक थे, लेकिन आज हम बात करेंगे सूर्य पुत्र कर्ण की, जिनके कुशल धनुर्धर के आगे अच्छे-अच्छे योद्धा कमजोर पड़ जाते थे। आइए जानते हैं आखिर सूर्य पुत्र कर्ण में कितनी ताकत थी ? कर्ण को महारथी की उपाधि प्राप्त थी। माना जाता है कि, वह एक साथ हजारों सैनिकों का सामना करने में सक्षम थे। इसके अलावा अपनी उम्र के सबसे ताकतवर योद्धाओं को भी हराने का दम रखते थे। महाभारत में कर्ण का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी अर्जुन को बताया जाता है। उनके बीच की लड़ाई को हमेशा दो महान धनुर्धरों के बीच की सबसे घातक लड़ाई माना जाता था। जब गुरु द्रोणाचार्य ने कर्ण को धनुर्धर कोशल सिखाने से मना कर दिया, तब कर्ण ने भगवान परशुराम के सानिध्य में रहकर युद्ध की खास ट्रेनिंग ली। उन्होंने दिव्य हथियारों और तीरंदाजी की ऐसी खास तकनीकों विजय हासिल की, जिसका ज्ञान बहुत कम योद्धाओं के ही पास था। कर्ण के पास भार्गवास्त्र, नागस्त्र, ब्रह्मास्त्र और दिव्य वासवी शस्त्र जैसे शक्तिशाली हथियार थे, जो सबसे बलशाली योद्धाओं को भी मार सकते थे। कर्ण ने दुर्योधन के साथ मिलकर कई राजाओं को हराया था। इस दौरान कर्ण ने कई राज्यों को भी जीता और खुद को भारत का सबसे महान योद्धाओं में से एक बना लिया। कर्ण की ताकत का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि, उन्होंने कभी अर्जुन, भीम, सात्यकि, घटोत्कच या अन्य ताकतवर योद्धाओं को चुनौती देने में संकोच नहीं किया। कर्ण तीरंदाजी के साथ-साथ तलवारबाजी, भाले और हस्त युद्ध में माहिर थे। महाभारत के अंतिम युद्ध तक कर्ण ने अपने असली कवच और बालियां खो दी थीं। वासावी शक्ति का इस्तेमाल कर लिया था, श्राप का प्रभाव झेला था और फिर भी सबसे ऊंचे स्तर पर लड़ना जारी रखा।

व्रत से पहले जरूर निपटा लें ये 5 काम, बरसेगी भगवान विष्णु की विशेष कृपा

हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की पूजा को समर्पित है। इस साल अगस्त महीने में 2 एकादशी की तिथि है। रविवार, 9 अगस्त 2026 को श्रावण कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी और दूसरी श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी जो 24 अगस्त 2026, सोमवार के दिन पड़ रही है। धार्मिक मान्यता है कि, इस दिन सच्चे मन से भगवान विष्णु की पूजा और उपासना करने से मन को शांति मिलने के साथ भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक कामिका एकादशी से पहले घर की साफ-सफाई और कुछ धार्मिक अनुष्ठान को करने की अनोखी परंपरा है। ऐसा करने से घर का वातावरण सकारात्मक होने के साथ विष्णु जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। आइए जानते हैं 5 ऐसे कार्यों के बारे में जिन्हें कामिका एकादशी से पहला ही कर लेना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, कामिका एकादशी से पहले घर की अच्छे से साफ-सफाई करनी चाहिए। घर के पूजा कक्ष में रखी भगवान की मूर्तियों को साफ कपड़े से पोंछे। पुरानी फूल, खराब मालाएं और बेकार की सामग्री हटा देनी चाहिए। एकादशी से पहले अपने घर के पूजा कक्ष को साफ-सुथरा करने के साथ व्यवस्थित करना बेहद जरूरी है। खासतौर पर पूजा कक्ष, किचन, मुख्य द्वार और खिड़कियों के आसपास अच्छे से सफाई करें। माना जाता है कि, एकादशी के मौके पर स्वच्छ और साफवातावरण में ही भगवान निवास करते हैं। एकादशी से पहले इस बात का अवश्य ध्यान दें कि, घर में इस्तेमाल होने वाली कोई भी वस्तु टूटी-फूटी या खराब नहीं होनी चाहिए। कामिका एकादशी आने से पहले इन वस्तुओं को छांट कर घर से बाहर निकाल दें। हिंदू धर्म और वास्तु शास्त्र में घर के मुख्य द्वार को ऊर्जा का प्रवेश द्वारा माना जाता है। इसलिए कोशिश करें कि कामिका एकादशी आने से पहले घर के सामने किसी भी तरह की गंदगी न रहने दें। अगर कूड़ा-कचड़ा या कीचड़ की स्थिति बनी रहती है, तो उसे साफकर व्यवस्थित करें। एकादशी के मौके पर तुलसी का खास महत्व होता है। इसलिए कोशिश करें कि, कामिका एकादशी आने से पहले ही तुलसी की अच्छे से साफ-सफाई करें।

nandgaon times julai-28-3.qxd 7/27/2026 11:57 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

18 करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों में ठेकेदार की घटिया करतूत

अनेक खामियों के बाद ठेकेदार नहीं हुआ ब्लैक लिस्ट, रोड के काले पीले को अब सफेद करने में लगा ठेकेदार

आखिर ऐसा क्या है ठेकेदार में कि अधिकारी और नेता बचाने में लगे

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । बगदई पुल से चौकी रोड गांधी पेट्रोल पंप तक 18 करोड़ से बनने वाली निर्माणाधीन सड़क प्रारंभ से ही विवादित रहा है. करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले इस सड़क में अनेक खामियां हैं, जिसे समय समय पर समाचारों पत्रों के माध्यम से शासन - प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है. बावजूद इसके जनता के पैसों को बर्बाद करने वाले ठेकेदार के काम में न तो सुधार आया और न सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता आई, अब तक सड़क निर्माण ठेकेदार के ऊपर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई , जिससे अन्य गलती करने वाले को सबक मिल सके और न ही इस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया गया है,स्थानीय नेता और संबंधित अधिकारी ऐसा कौन सा हित साध रहे हैं कि आम जनता की आशाओं का दमन ठेकेदार को बार बार अभय दान से जीवनदान दिया जा रहा है. वर्तमान में ठेकेदार द्वारा रोड के किनारे सफेद लाइन की मार्किंग की जा रही थी. इस पर नगर के कुछ जागरूक नागरिकों ने मीडिया से इसकी शिकायत की. मौके पर पहुंचने पर देखा व पाया कि रोड निर्माण करने वाले ठेकेदार लेखराम साहू के द्वारा गंदे और आधे अधूरे रोड में डिवाइडर के नीचों ओर जल्द काम पूर्ण करने के चक्कर में सड़क में मार्किंग कराया जा रहा है. मौके पर मजदूरों द्वारा धूल मिट्टी को अच्छे से साफकिये बगैर मार्किंग किया जा रहा था. इस सबंध में जब सवाल जबाव किया गया, तो वर्करों ने बताया कि ठेकेदार ने जैसे काम करने बोला है, वैसा कर रहे हैं. इधर इस बात की शिकायत विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री चौरसिया तक पहुंची, तो उन्होंने काम बंद कराने अपने कर्मचारियों को आदेशित किया. मौके पर काम बंद कराने विभाग के कर्मचारी पहुंचे और काम बंद करने की बात बोलकर वापस चले गए, इधर उनके जाते ही काम फिर चालू कर दिया गया. वहीं जब पूछा गया कि इतना पतला लेयर क्यों डाल रहे है, तो उन्होंने कहा कि जैसा बोले हैं वैसा काम कर रहे हैं. वहीं इस आड़े तिरछे और गुणवत्ताहीन मार्किंग की चौड़ाई भी नियमानुसार नहीं है. मौके देखने से साफ पता चलता है कि बेहद घटिया तरीके से काम को अंजाम दिया जा रहा है. लंबे समय से चल रहे सड़क निर्माण कार्य लगभग साढ़े तीन किमी की सड़क को ठेकेदार ने बर्बाद कर दिया और आम जनता के पैसों से बन रहे सड़क में गुणवत्ता के नाम पर कुछ नहीं है. पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही भी इस कदर रही कि वे सही को सही और गलत को गलत नहीं बोल पा रहे हैं और ठेकेदार की मनमानी में सहभागी बने हुए हैं. वर्तमान में सड़क में अनेक जगहों पर दबाव अलग नजर आ रहा है जिससे कोई भी इसे नई सड़क नहीं कहेगा. खास बात यह है कि नयी सड़क बाकायदा चमचमाती हुई सुसज्जित दिखती है लेकिन इस 18 करोड़ की लागत से सड़क को देखकर ऐसा लगता है कि घटिया मटेरियल के साथ केवल लीपापोती किया गया है. नये सड़क में कहीं नहीं देखा गया है कि सड़क के बनते बनते में पैच वर्क किया गया है. सुसज्जित डिवाइडर से लेकर पाथ वे तक इस सड़क में कहीं दिखाई नहीं देता. सड़क के घटिया निर्माण में जितना दोषी ठेकेदार उतना ही दोषी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी दोषी हैं और जनप्रतिनिधि भी उतने ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी से नहीं निभाया।

> सड़क निर्माण कार्य में गलत काम हुआ है उसे सुधारने के लिए ठेकेदार को आदेशित कर दिया गया है। जब तक काम सही नहीं होगा कोई भुगतान नहीं किया जाएगा
>
> **- एस.के. चौरसिया, कार्यपालन अभियंता, पीडब्लूडी**

राजनांदगांव ने जीती कुपोषण के खिलाफ बड़ी जंग

जिले की 299 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त] 1184 केंद्रों में एक भी गंभीर कुपोषित बच्चे नहीं

जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के सुपोषण की दिशा में मिशन मोड में किए गए कार्य

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । कुपोषण मुक्त राजनांदगांव की दिशा में जिला प्रशासन को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) तथा पोट्ठ लईका अभियान के संयुक्त एवं सतत प्रयासों से जिले के 299 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इसके साथ ही जिले के 1184 आंगनबाड़ी केंद्रों में अब एक भी गंभीर कुपोषित अथवा गंभीर कम वजन श्रेणी के बच्चे नहीं है। यह उपलब्धि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समन्वित कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में बच्चों के सुपोषण की दिशा में मिशन मोड में कार्य किए गए। कुपोषण के खिलाफ दीमवर्क, जनभागीदारी और सतत प्रयासों के सुखद परिणाम प्राप्त हुए। जिले के प्रत्येक बच्चे को लक्षित करते हुए स्वस्थ, सुपोषित और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं।

घर-घर पहुंची पोषण की मुहिम, मिला सकारात्मक परिणाम-

इस सफलता के पीछे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें संतुलित आहार, स्तनपान एवं शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। पोट्ठ लईका अभियान के तहत घर-घर जाकर बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक होम राशन का नियमित वितरण तथा पोषण शिक्षा प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया। वहीं एनआरएलएम की समूह दीदियों ने रेडी-टू-ईट पोषण आहार तैयार करने, पोषण जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहयोग को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

अब मध्यम कुपोषण पर होगा विशेष फोकस -

जिले में वर्तमान में 1514 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिला प्रशासन ने अब शेष मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। लक्ष्य है कि 15 अगस्त 2026 तक 350 और आंगनबाड़ी केंद्र तथा 2 अक्टूबर 2026 तक 551 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त घोषित किए जाएं। प्रशासन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को कुपोषण मुक्त बनाना है।

श्री सांईनाथ पीर पैगम्बर दरबार सांई मंदिर तुलसीपुर वार्ड नं. 17 राजनांदगांव में प्रतिवर्षानुसार गुरू पूर्णिमा महोत्सव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । दिनांक 29.07.2026 दिन बुधवार

प्रातः 8 बजे श्री रघुनाथ प्रसाद जी महाराज जी के सानिध्य में वैद्धिक मन्त्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा एवं श्री सांई बाबा जी का महाभिषेक किया जावेगा। दोपहर 12 बजे महाआरती होगा। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से महिला मण्डल द्वारा भजन कीर्तन, संध्या 6.30 बजे संदल का कार्यक्रम के पश्चात 7.30 बजे आरती एवं रात्रि 8.00 बजे से 10.30 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। रात्रि 9 बजे से विभिन्न भजन मण्डलियों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। सांई दरबार समिति द्वारा सभी भक्तजनों से निवेदन उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रमों का लाभ लेवें। समिति के सचिव तोरन सिंह चौहान अधिवक्ता द्वारा दी गई।

नशा मुक्त युवा प्रतियोगिता का आयोजन

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स) । मेरा युवा भारत राजनांदगांव (युवा

कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय दिग्विजय स्वायत्त महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने समूह नृत्य , समूह गान , नुक्कड़ नाटक, चित्रकारी , स्लैम पोएट्री , स्लोगन लेखन और ऑनलाइन रील मेकिंग जैसी विविध प्रतियोगिताओं में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

डोंगरगढ़ में भाजपा को बड़ा झटका

111 भाजपा कार्यकर्ताओं ने छोड़ा साथ, उपेक्षा और परिवारवाद का लगाया आरोप



डोंगरगढ (नांदगांव टाइम्स) । धर्मनगरी डोंगरगढ में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। उपेक्षा और परिवारवाद का आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से डोंगरगढ़ भाजपा मंडल के 111 प्राथमिक सदस्य कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक त्यागपत्र देने से प्रदेश की राजनीति में हड़कंप मच गया। आपको बता दें कि बीते दिनों डोंगरगढ भाजपा मंडल के सदस्यों को सोशल मीडिया में वरिष्ठ भाजपा नेताओ के खिलाफ लिखने की शिकायत पर जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के द्वारा इन सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था व जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था।

उपेक्षा व परिवारवाद का आरोप

नाराज कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को सामूहिक त्यागपत्र सौंपते हुए बताया गया कि हम सभी कार्यकर्ता डोंगरगढ़ शहर मंडल के निवासी है। डोंगरगढ शहर मंडल में जबसे जसमीत सिंह बन्नीआना अध्यक्ष बने है तब से पूर्व विधायक सह प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती एवं डोंगरगढ़ शहर के चार व्यापारी नेताओं के दबाव में काम कर रहे है। पार्टी के वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के प्रति उनका रवैया ठीक नहीं रहा है। इनके हर फैसले प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती एवं इन चार व्यापारी नेताओं के हिसाब से लिए जाते हैं, इनके द्वारा स्वयं एवं कई कार्यकर्ताओं के लिए एक से अधिक पदों की अनुशंसा की जाती रही है। इसके विपरीत निष्ठावान कार्यकर्ता जिनके द्वारा लगातार चुनावों में पार्टी के पक्ष में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया जाता रहा है उन्हें घर बैठने मजबूर कर दिया गया है। दूसरी ओर परिवारवाद से उपजे डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना शहर में गुटबाजी को बढ़ावा देने का काम कर रहे है। अंततः हम सभी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा एवं इनके काम

पंच तपो भूमि से विशाल कांवड़ यात्रा निकलेगी

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । ग्राम करमरी में शिव भक्तों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी करमरी के पंच तपो भूमि से साकरदाहरा

से पवित्र जल लेकर सैकड़ो के संख्या में भोले बाबा के इस पवित्र सावन माह में सभी श्रदालु अपनी अपनी मनोकामना को लेकर जल कावड़ यात्रा करेंगे बोल बम्भ कावड़ यात्रा के संयोजक दीननदयाल साहु ने बताया है कि इस यात्रा की शुरूवात 2023 में लगभग चालीस पचास गांवो की माता बहने युवा बुजर्ग ग्रामवासियों सहित श्रेत्र के धर्म प्रेमी शिव भक्तों की टोली लेकर शुरुवात की गई थी , पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सैकड़ों भक्तों की टोली ने भोले बाबा की यात्रा में मनोकामनाए लेकर कावर यात्रा करेंगे।

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस ने मनाया जश्न, कार्यकर्ताओं में उत्साह

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर सामने आते ही डोंगरगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। शहर के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेसजन एकत्रित हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। बताया जा रहा है कि हाल ही में देशभर में चल रहे छात्र आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दिया है, जिसे विपक्ष बड़ी जीत के रूप में देख रहा है डोंगरगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे युवाओं और छात्रों की जीत बताते हुए कहा कि लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रही आवाजों का असर अब दिखने लगा है। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि यह जनता की एकजुटता की जीत है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह होना ही पड़ेगा। वहीं कुछ कार्यकर्ताओं ने इसे कांग्रेस की वैचारिक जीत बताते हुए कहा कि पार्टी लगातार युवाओं के मुद्दे उठाती रही है। देश के अन्य हिस्सों की तरह यहां भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, कई जगहों पर आतिशबाजी और मिठाई वितरण भी किया गया

राजनीतिक संदेश भी दिया गया

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं ने कहा कि यह सिर्फ एक इस्तीफा नहीं बल्कि जनआवाज की ताकत का उदाहरण है। उन्होंने आने वाले समय में शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग भी दोहराई प्रमुख रूप से डॉ नरेंद्र साहू बीरेंद्र बोरकर रोशन यादु चंद्रशेखर उइके सतीश वैष्णव अखिलेश नखत संध्या साहू श्रुति शुक्ला बेबी खान अरुण देवांगन आरती कोरे संदीप रब्बाकर लक्ष्मी नारायण साहू प्रदीप रब्बाकर प्रियंक जैन रितेश राजपूत टिंकू देवांगन सद्दाम खत्री अमित ठाकुर अब्दुल करीम बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मन की बात से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाएं : जागृति यदु

डोगरगांव (नांदगांव टाइम्स) । ग्राम रेंगाकठेरा (माथलडबरी) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत ग्राम जंतर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति जागृति यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी जैसे विषयों पर निरंतर प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी सबसे बड़ी शक्ति है। जब समाज स्वयं आगे बढ़कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भागीदारी निभाता है, तब सकारात्मक परिवर्तन तेजी से दिखाई देता है। वृक्षारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सतत संकल्प है। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच मधु यदु, रूपकुमारी चन्द्रवंशी, सुन्दर पटेल, ओमेश यदु, लोकेश ठाकुर, उत्तम यदु, हीराराम चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com